An ISO 9001:2015 certified

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर–3,
धुर्वा, राँची – 834004
दूरभाष:– 0651–2444501, 2444502
ई–मेल: jepcranchi1@gmail.com

पत्रांक : SOE/16/12/2025/2901 दिनांक: 29/07/2025

प्रेषक,

**शशि रंजन, भा.प्र.से.**
राज्य परियोजना निदेशक ।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, झारखण्ड।

**विषय:** **Project Rail के तहत् विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं प्राप्त अंकों की प्रविष्टि को ई–विद्यावाहिनी में अनिवार्य रूप से कराने के संबंध में।**

**प्रसंग:** **जे.सी.ई.आर.टी. / प0. 08–03 / 2022 (p) / 520, राँची, दिनांक–21.03.2025**
ME/01/1288/2024/2458, **राँची, दिनांक–21.03.2025**
JCERT/08-03/2022(p)/686, **राँची, दिनांक–09.05.2025**
**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के कोषांग के पत्रांक– 1580 एवं 1581 दिनांक– 23.04.2025**

**महोदय,**

उपर्युक्त प्रसंगाधीन विषयक अंकित करना है कि राज्य सरकार के नियंत्रणीय कक्षा–01 से कक्षा–12 तक के सभी 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों, 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों एवं PM Shree विद्यालयों में मासिक Project Rail परीक्षा का आयोजन माह मई 2025 से प्रारंभ है, जिसमें विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं प्राप्त अंकों की प्रविष्टि प्रत्येक कक्षा के लिए ई–विद्यावाहिनी में परीक्षा के उपरांत अनिवार्य रूप से किया जाना है। विभागीय सचिव की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक एवं ई–विद्यावाहिनी से प्राप्त प्रतिवेदन के विश्लेषण के क्रम में यह पाया गया कि मई, जून एवं जुलाई 2025 में आयोजित Project Rail के प्राप्तांकों की निर्धारित प्रतिशत की गणना कक्षावार एवं विषयवार प्रवष्टि विद्यालयों द्वारा ई–विद्यावाहिनी में ससमय नहीं किया जा रहा है, जो अत्यंत खेदजनक है। जबकि, समय–समय पर ऑनलाईन एवं राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में भी उक्त कार्य हेतु निदेश दिया गया है।

उपरोक्त के आलोक में सभी विद्यालय के विषय शिक्षकों / प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / वार्डेन को आदेश दिया जाता है कि वे Project Rail के तहत् आयोजित परीक्षा में छात्रवार प्राप्तांको की प्रवृष्टि करने / करवाने की जवाबदेही विद्यालय के विषय शिक्षक की होगी। साथ ही साथ संबंधित सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / वार्डेन की जवाबदेही होगी कि वे छात्रवार एवं विषयवार विषय शिक्षक द्वारा संकलित किए गए आंकड़ों को जाँचोंपरांत सत्यापित करते हुए परीक्षा आयोजन के उपरांत एक सप्ताह के अंदर ई–विद्यावाहिनी में अंतिम रूप से submit करेंगे। साथ ही माह मई 2025 से जुलाई 2025 तक आयोजित प्राजेक्ट रेल परीक्षा से संबंधित आंकड़े ई–विद्यावाहिनी में 01.08.2025 तक प्रविष्ट करेंगे अन्यथा प्रवृष्टि

An ISO 9001:2015 certified

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर–3,
धुर्वा, राँची – 834004
दूरभाषः– 0651–2444501, 2444502
ई–मेलः jepcranchi1@gmail.com

नहीं होने की स्थिति संबंधित शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / वार्डेन वेतन आदि स्थगित रखा जाय।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि इस कार्य को उच्च प्राथमिकता के रूप में लेते हुए माह मई से जुलाई 2025 तक का कार्य दिनांक 01.08.2025 तक पूर्ण करना / कराना एवं आगामी माह से ससमय उक्त कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा विलंब की स्थिति में आप स्वयं जवाबदेह होंगे।

विश्वासभाजन

29/07/25

(शशि रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांक : SOE/16/12/2025/2901

दिनांक :...... / 07 / 2025

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार को सूचनार्थ समर्पित।
2. निदेशक, जे.सी.ई.आर.टी., / निदेशक, माध्यमिक शिक्षा / निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
1. राज्य के सभी उत्कृष्ट विद्यालयों, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों, एवं PM Shree विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, वार्डेन / स्कूल मैनेजर / जिला में कार्यरत PMU (फील्ड मैनेजर / सॉफ्टवेयर ट्रेनर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. स्टेट एम0 आई0 एस0 प्रभाग, JEPC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/07/25

(शशि रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक